समाचार

पूर्ण निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ त्रुटिरहित सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न कराएं–आयुक्त

(ओ.बी.सी.एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण कार्य का दिया गया प्रशिक्षण)

कोरबा 05 अगस्त 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने ओ.बी.सी. एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों एवं सर्वेक्षण दल के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे पूरी निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ त्रुटिरहित सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न कराते हुए क्वांटिफायवल डेटा एकत्रित कराएं एवं सर्वे कार्य को समयसीमा के अंदर पूरा करें।

उक्त निर्देश आयुक्त श्री शर्मा ने सर्वेक्षण कार्य के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधितों को दिए। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत भी अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के सर्वेक्षण का कार्य करते हुए उनका क्वांटिफायवल डेटा एकत्रित किया जाना हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रानू साहू ने कोरबा जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें दायित्व सौपे गए हैं। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में यह सर्वेक्षण दल नगर निगम कोरबा क्षेत्र में भी सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न कराएगा। सर्वेक्षण कार्य में संलग्न नोडल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों को निगम कार्यालय साकेत में चिप्स रायपुर के विषय विशेषज्ञों द्वारा आनलाईन माध्यम से सर्वेक्षण कार्य का गहन एवं सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त श्री शर्मा ने नोडल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों तथा सर्वेक्षण दल के अन्य सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए आगे कहा कि सर्वेक्षण का यह कार्य आप सबका महत्वपूर्ण दायित्व है, अतः सर्वेक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर त्रुटिरहित जानकारियॉ संकलित करें, इस हेतु आवश्यक प्रपत्रों, पंजियों का संधारण करते

हुए सर्वेक्षण कार्य की मार्गदर्शिका व दिशा निर्देशों के अनुरूप आनलाईन प्रविष्टियॉ कराएं तथा सर्वेक्षण से संबंधित अन्य कार्यवाहियॉ पूरी करें।

03 पालियों में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण— नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 04 अगस्त को निगम के 06 जोन यथा कोरबा जोन, टी.पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, पं. रविशंकर शुक्ल जोन, बालको जोन व दर्री जोन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों व सर्वेक्षण दलों को 02 पालियों में क्रमशः प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक आनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार 05 अगस्त को निगम के शेष 02 जोन सर्वमंगलानगर जोन व बांकीमोंगरा जोन तथा रिजर्व पर्यवेक्षकों को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 02 बजे तक सर्वेक्षण का आनलाईन प्रशिक्षण प्रदान चिप्स रायपुर के द्वारा प्रदान किया गया।